HINDI STD: 10 EPISODE 14

DATE 08-09-2021

पाठ का नाम : सबसे बड़ा शो मैन

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) जीवनी माने क्या है?

उत्तर : जीवनी में किसी व्यक्ति का चरित्र, उसके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाएँ आदि का चित्रण होता है ।

2) सबसे बड़ा शो मैन किस विधा की रचना है ?

उत्तर : जीवनी |

3) ' सबसे बड़ा शो मैन' नामक जीवनी का लेखक कौन है ?

उत्तर : गीत चतुर्वेदी |

4) सबसे बड़ा शो मैन में किसके जीवन का चित्रण हैं ?

उत्तर : सबसे बड़ा शो मैन में चार्ली चैप्लिन के जीवन का चित्रण है ।

5) सबसे बड़ा शो मैन नामक जीवनी में किसकी माँ के बारे में कहा गया है?

उत्तर : चार्ली चैप्लिन की माँ के बारे में।

6) चार्ली की माँ क्या कर रही थी?

उत्तर : चार्ली की माँ गा रही थी।

7) मां गा रही थी ।जाते जाते अचानक क्या हो गया ?

उत्तर : माँ की आवाज फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गयी |

8) चार्ली की माँ की आवाज़ फुसफुसाहट तब्दील होते वक्त लोगों ने क्या सोचा?

उत्तर : लोगों को लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है।

9) इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मजबूर कर दिया। उस समय माँ की हालत कैसी होगी ?

उत्तर : उस समय माँ बहुत अपमानित हुई होगी, वह अत्यंत दुःखी हो गयी होगी और वह डर गयी होगी।

10) मैनेजर ने चार्ली को स्टेज पर भेजने को जिद करने लगा। क्यों ?

उत्तर : मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के साथ अभिनय करते देखा है। इसलिए वह चार्ली को स्टेज पर भेजने के लिए जिद करने लगा |

11) यहाँ माँ के डर जाने के क्या क्या कारण है?

उत्तर : उसका गला खराब हो गया है। लोग चिल्ला रहे हैं। मैनेजर पाँच साल के चार्ली को स्टेज पर भेजने के लिए ज़िद कर रहा है। इन सब कारणों से माँ डर गयी।

12) उचित क्रियारूप चुनकर वाक्य की पूर्ति करें।

1) गोकुल बाजार . . . .

(जाना लगा, जाने लगा)

2) मीना कहानी . . . .

(लिखने लगा, लिखने लगी)

(3) बच्चे मैदान में . . . .

(खेलने लगा, खेलने लगे)

4) औरतें गीत . . . .

(गाने लगी, जाने लगीं)

उत्तर :

1) गोकुल बाज़ार जाने लगा ।

2) मीना कहानी लिखने लगी ।

3) बच्चे मैदान में खेलने लगे ।

4) औरतें गीत गाने लगीं ।

13) सही मिलान करें |

माँ गीत गा न सकी	इसलिए उसे स्टेज पर भेजने की जिद की|
मैनेजर ने चार्ली का अभिनय देखा था |	इसलिए माँ चार्ली को स्टेज पर भेजने से डर गयी ।
सामने उग्र भीड थी |	इसलिए लोग चिल्लाने लगे |

उत्तर

माँ गीत गा न सकी	इसलिए लोग चिल्लाने लगे |
मैनेजर ने चार्ली का अभिनय देखा था |	इसलिए उसे स्टेज पर भेजने की जिद की |
सामने उग्र भीड थी |	इसलिए माँ चार्ली को स्टेज पर भेजने से डर गयी ।

नवीन शब्दार्थ

जीवनी- ജീവചരിത്രം

अचानक - പെട്ടെന്ന്

आवाज फट जाना - ശബ്ദമിടറുക

फुसफुसाहट – बंद स्वर में कहना

तब्दील होना - परिवर्तित होना

अभद्रशोर - असभ्य शोर

मज़बूर कर दिया - विवश कर दिया।

अक्सर - മിക്കവാറും

बहस - वाद- विवाद

जिद - हठ , ശാഠ്യം

झेलना- सहना , സഹിക്കുക

****